हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय

न्यू सेन्ट्रल होप टाउन, बायॉखाला (शीशमबाड़ा), सेलाकुई देहरादून

वेबसाइट : www.hnbumu.ac.in ई–मेल : exams.hnbumu@gmail.com

Learn to Serve

पत्रांकः 19 /एचएनबीयूएमयू/परीक्षा/2025–26 दिनांक : 03 अप्रैल 2025

कार्यालय ज्ञाप

हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 20 फरवरी 2025 (गुरूवार) में की संस्तुतियों पर कार्य परिषद की 15वीं बैठक में लिए गये निर्णयों/अनुमोदन के क्रम में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की संवीक्षा (Scrutiny) हेतु हेतु प्रचलित प्रक्रिया को सुपष्ट करते हुए निम्नानुसार प्रक्रिया निर्धारित की जाती हैं।

1. विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं संवीक्षा (Scrutiny) हेतु 10 दिवसों के भीतर परीक्षार्थियों द्वारा आन–लाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा, उक्त अवधि के उपरांत आवेदित प्रकरणों पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।
2. कोई भी परीक्षार्थी संवीक्षा हेतु निर्धारित अवधि में रु0 500/– प्रति प्रश्न पत्र का शुल्क जमा कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका प्राप्त कर सकेगा।
3. उत्तर पुस्तिका की संवीक्षा (Scrutiny) के लिए रु0 1500/– प्रति प्रश्न पत्र का शुल्क पूर्ववत् निर्धारित होगा।
4. विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की संवीक्षा (Scrutiny) करायी जायेगी। संवीक्षा (Scrutiny) में प्राप्त अंक की परीक्षार्थी के अंतिम अंक हो जायेंगे। संवीक्षा (Scrutiny) में अंकों में अत्यधिक भिन्नता पाये जाने पर उत्तर पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा कराया जा सकेगा।

संवीक्षा (Scrutiny) में निम्नांकित बिन्दु सम्मिलित होंगेः–

(क) संवीक्षा (Scrutiny) में अंकों की गणना में हुई त्रुटि की जांच की जायेगी। उत्तर पुस्तिका में यह देखा जायेगा कि कोई प्रश्न अपरीक्षित (जांच न किया गया हो/प्रश्न में अंक प्रदान न किये गये हों) है अथवा नहीं।

(ख) मुख पृष्ठ पर अंकित अंकों का कुल योग एवं आंतरिक पृष्ठों पर प्रश्नवार दिये गये अंकों के योग में भिन्नता है अथवा नहीं।

संवीक्षा (Scrutiny) में निम्नांकित बिन्दु सम्मिलित नही होंगेः–

(ग) जांचे जा चुके उत्तरों का पुनर्मूल्यांकन किया जाना।

(घ) परीक्षार्थी द्वारा दिये गये उत्तरों की गुणवत्ता की जांच किया जाना।

उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न के उत्तर की जांच न की गयी हो अथवा अंक प्रदान न किये गये हों तो ऐसी स्थिति में इस भाग का मूल्यांकन विषय विशेषज्ञ से कराया जायेगा। परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक Apply and pay fee for Degree/ Migration/ Duplicate Marksheet/ Scrutiny के माध्यम से संवीक्षा (Scrutiny) हेतु आवेदन करना होगा।

(प्रो0 विजय जुयाल)
परीक्षा नियंत्रक
हे0न0ब0उ0 चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय।

परीक्षा नियंत्रक
हे0न0ब0उ0चि0वि0
देहरादून

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. कुलसचिव हे0न0ब0 उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय।
2. वैयक्तिक अधिकारी मा0 कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. समस्त प्राचार्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मेडिकल/नर्सिंग/पैरामेडिकल संस्थान।
4. विश्वविद्यालय वैबसाइट हेतु।

(प्रो0 विजय जुयाल)
परीक्षा नियंत्रक
हे0न0ब0उ0 चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय।

परीक्षा नियंत्रक
हे0न0ब0उ0चि0वि0
देहरादून